## वधावन बंदरगाह

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **महाराष्ट्र** में दहानु के निकट वधावन में एक प्रमुख बंदरगाह की स्थापना को मंजूरी दी।

**प्रमुख बिंदु:**

- **प्राधिकारी:** इस परियोजना का निर्माण **वधावन पोर्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड (वीपीपीएल)** द्वारा किया जाएगा, जो जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी (जेएनपीए) और महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड (एमएमबी) द्वारा गठित एक एसपीवी है, जिसकी हिस्सेदारी क्रमशः 74% और 26% है।
- वधावन बंदरगाह को महाराष्ट्र के पालघर जिले के वधावन में एक सभी मौसमों के अनुकूल ग्रीनफील्ड डीप ड्राफ्ट प्रमुख बंदरगाह के रूप में विकसित किया जाएगा।
- **लागत** : भूमि अधिग्रहण घटक सहित कुल परियोजना लागत 76,220 करोड़ रुपये है। इसमें सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड में कोर इंफ्रास्ट्रक्चर, टर्मिनल और अन्य वाणिज्यिक इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास शामिल होगा।
- **बुनियादी ढांचा** : बंदरगाह में नौ कंटेनर टर्मिनल होंगे, प्रत्येक 1000 मीटर लंबा, तटीय बर्थ सहित चार बहुउद्देशीय बर्थ, चार तरल कार्गो बर्थ, एक रो-रो बर्थ और एक तटरक्षक बर्थ शामिल होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

- 21 जून, 2024 को रक्षा मंत्रालय के पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) ने **उत्तर प्रदेश के हिंडन (गाजियाबाद) स्थित वायुसेना स्टेशन के स्टेशन ऑडिटोरियम में भूतपूर्व सैनिक रोजगार मेले का आयोजन किया।** इस रोजगार मेले का उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों और नियोक्ताओं को जोड़ना है, जिससे भूतपूर्व सैनिकों (ईएसएम) को रोजगार का दूसरा अवसर मिल सके। देश भर से तीनों सेनाओं के भूतपूर्व सैनिक इस रोजगार मेले में भाग लेने के पात्र थे।




- **रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 21 जून, 2024 को उत्तर प्रदेश के मथुरा में 1 कोर में** सैनिकों के साथ विभिन्न आसन और श्वास व्यायाम करके 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने में सशस्त्र बलों का नेतृत्व किया।

## महत्वपूर्ण दिन/तारीख

| | | |
|---|---|---|
| **21 जून** | **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**<br><br> | ❖ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का **उद्देश्य योग अभ्यास के अनेक लाभों के बारे में विश्व भर में जागरूकता बढ़ाना है।**<br>❖ इस वर्ष **10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है।**<br>❖ इस वर्ष का विषय है " **स्वयं और समाज के लिए योग।"**<br>❖ 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने प्रस्ताव 69/131 द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। |

## योजनाएं/पहल

| | |
|---|---|
| **राष्ट्रीय फोरेंसिक अवसंरचना संवर्धन योजना (एनएफआईईएस)** | ❖ **केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय क्षेत्र योजना" राष्ट्रीय फोरेंसिक अवसंरचना संवर्धन योजना (एनएफआईईएस)"** के लिए गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।<br>❖ **वित्तीय परिव्यय** 2254.43 करोड़ रुपये<br>❖ **अवधि:** 2024-25 से 2028-29 तक<br>❖ केन्द्रीय क्षेत्र योजना के वित्तीय परिव्यय का प्रावधान गृह मंत्रालय द्वारा अपने बजट से किया जाएगा।<br>**योजना के घटक:**<br>❖ देश में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के परिसरों की स्थापना।<br>❖ देश में केन्द्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थापना।<br>❖ एनएफएसयू के दिल्ली परिसर के मौजूदा बुनियादी ढांचे का संवर्धन।<br>❖ राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के अतिरिक्त ऑफ-कैंपस और नई केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (सीएफएसएल) की स्थापना से प्रशिक्षित फोरेंसिक जनशक्ति की कमी दूर होगी, फोरेंसिक प्रयोगशालाओं पर लंबित मामलों का बोझ कम होगा और यह भारत सरकार के **90% से अधिक की उच्च दोषसिद्धि दर सुनिश्चित करने के लक्ष्य के अनुरूप होगा** । |

## विविध:

- ❖ विश्व खाद्य भारत के तीसरे संस्करण के अग्रदूत के रूप में, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और रेल राज्य मंत्री ने विश्व खाद्य भारत 2024 के लिए वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया।

- ❖ विश्व खाद्य भारत - **देश का सबसे बड़ा खाद्य कार्यक्रम है**, जो 19 से 22 सितंबर 2024 तक वैश्विक और भारतीय खाद्य क्षेत्र के हितधारकों के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है।
- ❖ इसके अतिरिक्त, इस वर्ष, बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम को गति देने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए, मंत्रालय स्टार्टअप इंडिया के सहयोग से स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज का दूसरा संस्करण शुरू कर रहा है।

- ❖ आठ लाख राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेटों ने 21 जून, **2024 को देश भर में एनसीसी द्वारा आयोजित योग सत्रों में भाग लेकर 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया** ।
  - ➢ ये सत्र कई स्कूलों, कॉलेजों और प्रतिष्ठित स्थानों पर आयोजित किए गए जिनमें सूर्य मंदिर (कोणार्क, ओडिशा), लाल किला (दिल्ली), डल झील (श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर), साबरमती रिवरफ्रंट (अहमदाबाद, गुजरात), सांची स्तूप (सांची, एमपी), गेटवे ऑफ इंडिया (मुंबई, महाराष्ट्र), नैनीताल झील (नैनीताल, उत्तराखंड), झांसी का किला (झांसी, यूपी) और विक्टोरिया मेमोरियल (कोलकाता, प.बंगाल) शामिल हैं।

## समाचार में प्रजातियाँ

| | |
|---|---|
| **जीनस गोमफोनेमॉइड डायटम इंडिकोनिमा** | ❖ शोधकर्ताओं ने पूर्वी घाट की स्वच्छ जल वाली नदी में गोम्फोनेमॉएड डायटम की एक नई प्रजाति की खोज की है।<br>❖ इस वंश में विशेषताओं का एक दिलचस्प समूह है, जो इसे वाल्व समरूपता और अन्य कुछ वाल्व विशेषताओं के संदर्भ में गोम्फोनेमोएड समूह के अन्य सदस्यों से अलग करता है**, देश में इसके सीमित वितरण को ध्यान में रखते हुए इसका नाम इंडिकोनेमा रखा गया है।**<br>**डायटम्स के बारे में**<br>❖ **डायटम सूक्ष्म शैवाल हैं जो वैश्विक ऑक्सीजन का 25 प्रतिशत उत्पादन करके हमारे दैनिक जीवन में** महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं , जो कि हमारे द्वारा ली जाने वाली ऑक्सीजन की लगभग हर चौथी सांस है।<br>❖ यह जलीय खाद्य श्रृंखला के आधार के रूप में कार्य करते हैं। किसी भी जल रसायन विज्ञान परिवर्तन के प्रति उनकी संवेदनशीलता के कारण, वे जलीय स्वास्थ्य के उत्कृष्ट संकेतक हैं।<br>❖ डायटम **भारत में पाए जाने वाले पहले सूक्ष्मजीव हैं, जिनके बारे में एहरनबर्ग ने 1845 में अपने विशाल प्रकाशन माइक्रोजियोलोजी में पहली रिपोर्ट दी थी** । |

❍❍❍❍